# नया साल श्याम के संग

ना शिमला ना गोवा ना ऊटी जाएंगे,
हम तो नया साल श्याम के संग मनाएंगे,
श्याम के संग मनाएंगे,
सांवरे तुझे रिझाएंगे,
हैप्पी हैप्पी हैप्पी न्यू ईयर,
ओ बाबा...
हैप्पी हैप्पी हैप्पी न्यू ईयर.....

नए साल की पहली बधाई,
श्याम धनी को देंगे हम,
बैठ के गोदी श्याम धनी की,
सौ दुआएं लेंगे हम,
कृपा श्याम की पाकर,
जय जयकार बुलायेंगे,
हम तो नया साल श्याम के संग मनाएंगे,
श्याम के संग मनाएंगे,
सांवरे तुझे रिझाएंगे......

बीते साल का सारा हाल,
सांवरिया को सुनेंगे,
क्या खोया क्या पाया यारों,
हर एक बात बताएंगे,
महिमा श्याम धनी की शोर मचा के जाएंगे,
हम तो नया साल श्याम के संग मनाएंगे,
श्याम के संग मनाएंगे,
सांवरे तुझे रिझाएंगे,
हैप्पी हैप्पी हैप्पी न्यू ईयर,
ओ बाबा..
हैप्पी हैप्पी हैप्पी न्यू ईयर......

नई नई खुशियां देंगे बाबा,
हमको नए साल में,
फंसने ना वो देंगे हमको,
दुखों के जंजाल में,
शोभित संग गा गाकर महिमा धूम मचाएंगे,
हम तो नया साल श्याम के संग मनाएंगे,
श्याम के संग मनाएंगे,
सांवरे तुझे रिझाएंगे,
हैप्पी हैप्पी हैप्पी न्यू ईयर,
ओ बाबा...
हैप्पी हैप्पी हैप्पी न्यू ईयर......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30151/title/naya-saal-shyam-ke-sang

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |